हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार, 26 जुलाई 2025

11 विधायक ने आईडीटीआर में किया निरीक्षण



12 तीज जैसे पर्व हमारी संस्कृति की आत्मा: दलाल



## सीईटी महापरीक्षा : जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया, फील्ड में उतरे वरिष्ठ अधिकारी

# 14 केंद्रों पर 4 शिफ्टों में 14776 परीक्षार्थी देंगे पेपर, हर सेंटर पर 28 पुलिसकर्मी तैनात, डीसीपी व एसीपी रखेंगे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

सीईटी परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। परीक्षा को लेकर डीसीपी हैडक्वाटर जसलीन कौर ने शुक्रवार को पुलिस लाइन मैदान में ड्यूटी पर लगे कर्मचारियों की मीटिंग लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान मोबाइल का प्रयोग न करें। उन्होंने बताया कि परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की अच्छे से चेकिंग करने के बाद ही अंदर जाने दिया जाए। वहीं डीसीपी लोगेश कुमार ने सभी थाना प्रबंधक, चौकी प्रभारियों और ड्यूटी इंचार्ज कि मीटिंग लेकर निर्देश देते हुए कहा कि जिले में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां करीब सात सौ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहेंगे। प्रत्येक सेंटर पर 28 पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें दो डीसीपी, सात एसीपी सहित करीब 700 पुलिस कर्मी शामिल हैं।

- 700 पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया
- ड्यूटी के दौरान फोन का प्रयोग करने पर मनाही



झज्जर। पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसीपी जसलीन कौर।

### जिले में 11 धर्मशालाओं में ठहरने की रहेगी व्यवस्था

यादव धर्मशाला, सर्कुलर रोड, झज्जर - नरेश, इंचार्ज, मोबाइल 92531-58730

छोटूराम धर्मशाला, भगत सिंह चौक, झज्जर – बलवान, इंचार्ज, मोबाइल 97288-15464

श्रीकृष्ण धर्मशाला, सब्जी मंडी, झज्जर - रतिराम, इंचार्ज, मोबाइल 90535-34135

पंजाबी धर्मशाला, मेन बाजार, झज्जर - गणेश, इंचार्ज, मोबाइल 96711-15037

गुर्जर धर्मशाला, भट्टी गेट, झज्जर - अर्जुन, इंचार्ज, मोबाइल 89509-22040

जाटव धर्मशाला, पुराना बस स्टैंड, झज्जर - तिलक बहादुर, इंचार्ज, मोबाइल 88149-56629

श्रीराम धर्मशाला, मौहल्ला हरिपुरा, झज्जर - ईश्वर सैनी, इंचार्ज, मोबाइल 97280-68081

धानक धर्मशाला, पुराना तहसील रोड, झज्जर - बलवान, इंचार्ज मोबाइल 94168-52857

इनके अलावा जांगड़ा धर्मशाला, पुलिस स्टेशन के पास, रविदास एवं कबीरदास धर्मशाला, अंबेडकर चौक व विश्वकर्मा पांचाल, रहनिया रोड झज्जर में भी परीक्षार्थियों के रात्रि ठहराव करने की सुविधा होगी।

## उपायुक्त ने बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क और शटल बस सर्विस बूथों का निरीक्षण किया



**झज्जर।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा शनिवार और रविवार को आयोजित होने वाली सीईटी परीक्षा के मद्देनजर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार शाम परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने झज्जर बस स्टैंड पर रोडवेज द्वारा परीक्षार्थियों के लिए चलाई जा रही विशेष बस सेवाओं, शटल सेवा बूथों और हेल्प डेस्क की तैयारियों को देखा। उन्होंने हेल्प डेस्क पर पहुंचकर अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शटल सेवा के लिए बनाए गए विभिन्न बूथों की स्थिति का भी जायजा लिया और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षार्थियों को रूट, समय और सेंटर लोकेशन की स्पष्ट जानकारी मिले। निरीक्षण के दौरान डीसी ने बस स्टैंड पर युवाओं से भी बातचीत की और व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया। जीएम रोडवेज संजीव तिहाल ने बताया कि शुक्रवार को भी परीक्षार्थियों को लेकर तीन बस फरीदाबाद भेजी गई हैं ।

## जिले के परीक्षार्थियों के लिए फरीदाबाद में रात्रि ठहराव की मुफ्त व्यवस्था, 18 धर्मशालाएं चयनित

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि जिले के जो परीक्षार्थी सीईटी परीक्षा देने फरीदाबाद जाएंगे उनकी सुविधा के लिए जिला प्रशासन फरीदाबाद द्वारा निःशुल्क रात्रि ठहराव की व्यापक व्यवस्था की गई है।

डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 18 धर्मशालाओं को चिन्हित किया गया है, जहां परीक्षार्थी निशुल्क ठहर सकेंगे। पुरुष और महिला अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग धर्मशालाओं में ठहरने की व्यवस्था की गई है। साथ ही हर धर्मशाला पर एक नोडल अधिकारी व हेल्प डेस्क की तैनाती की गई है, जो आवश्यक सहयोग व दिशा-निर्देश उपलब्ध करवाएंगे।

### युवक व युवतियों के लिए अलग-अलग व्यवस्था

लड़कियों के लिए अग्रसेन भवन, चावला कॉलोनी, बल्लभगढ़ (भगवान दास गोयल 9312434979), लखानी धर्मशाला, ब्लॉक एफएनएच -2 फरीदाबाद (कैलाश गुगलानी 9350950202), गुज्जर भवन, सेक्टर 16 फरीदाबाद (विकास नागर 7011373813), पंजाबी भवन, सेक्टर 16 फरीदाबाद (विरेंद्र 8910108827), किसान भवन, सेक्टर 16 फरीदाबाद(राम नारायण 8910922599) वहीं लड़कों के लिए ब्राह्मण धर्मशाला, अनाज मंडी बल्लबगढ़ (ब्रजमोहन विशिष्ट 8911184951), पंजाबी धर्मशाला, आदर्श नगर बल्लभगढ़(राजेश सपरा 9899371718, खेमका सदन, अनाज मंडी बल्लभगढ़ (अन्नु 9999657386), जाट भवन सेक्टर 3, बल्लबगढ़ फरीदाबाद (बिजेंद्र फौजदार 9811195126), महाराणा प्रताप भवन, चावला कॉलोनी बल्लबगढ़ (रामनारायण 9810922599) सैनी धर्मशाला, उंचागांव बल्लभगढ़ (भगत सिंह 8920283385) दौलतराम धर्मशाला (आई दी 1 नियर मॉल ऑफ फरीदाबाद (नरेश जयसिंह 8929562969), महाबीर धर्मशाला, नजदीक हनुमान मंदिर, ब्लॉक केएनएच टू फरीदाबाद (बॉबी कुमार 9717780303), जय संयोग वेलफेयर संस्था, निकट विद्यानिकेतन स्कूल, ब्लॉक केएनएच टू, फरीदाबाद (योगेश गोस्वामी 9899512166), महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर 19 फरीदाबाद (उमेश चंद 9211761256, महेश चंद 9811318425), अग्रवाल सेवा सदन निकट तेल मिल, ओल्ड फरीदाबाद (उमेश चंद 9267997819), अग्रवाल धर्मशाला निकट पुलिस चौकी ओल्ड फरीदबाद (उमेश चंद 9267997819), यादव धर्मशाला सेक्टर 16 फरीदाबाद (हुकमचंद लाम्बा 9810168900, डीपी यादव 9899448255)

### फरीदाबाद के परीक्षा केंद्र के लिए यहां से चलेंगी बसें

झज्जर - न्यू बस स्टैंड झज्जर, बहादुरगढ़- न्यू बस स्टैंड बहादुरगढ़, बेरी - बस स्टैंड बेरी, साल्हावास ब्लाक से – एचडी स्कूल साल्हावास, मातनहेल ब्लॉक से - अनाज मंडी मातनहेल, बादली से- बीडीपीओ ऑफिस बादली, ब्लॉक माछरौली से- राजकीय माध्यमिक विद्यालय माछरौली परीक्षार्थियों के लिए बसें रवाना होगी। पहली शिफ्ट की परीक्षा के लिए बसें निर्धारित स्थानों से सुबह तीन बजे से चलेंगी व आखिरी बस सुबह 4.45 बजे रवाना होगी। जबकि दूसरी शिफ्ट की परीक्षा के परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज बसें सुबह साढ़े सात बजे से सुबह नौ बजे तक चलेंगी।

### रोहतक जाने वालों के लिए ये व्यवस्था

झज्जर – बस स्टैंड झज्जर, बहादुरगढ़ – बस स्टैंड बहादुरगढ़ से रोडवेज बसों का संचालन होगा। सुबह की शिफ्ट के लिए सात बजे से आठ बजे तक बसों का संचालन होगा। परीक्षार्थी समय पर पहुंचकर निशुल्क बस सेवा की सुविधा लें । महिला अभ्यर्थी के साथ परिवार का एक सदस्य साथ में निशुल्क यात्रा कर सकता है। फरीदाबाद पहुंचने पर आगे निःशुल्क शटल सेवा की व्यवस्था की गई है। हेल्पडेस्क लगाए गए है।

**फरीदाबाद में परीक्षा केंद्रों के लिए मिलेगी शटल सर्विसः** जिले से फरीदाबाद परीक्षा देने जाने वाले परीक्षार्थियों के लिए विशेष सुविधा की गई है। जिला फरीदाबाद प्रशासन ने पांच पिकअप प्वाइंट निर्धारित किए हैं, जहां से 470 बसों के माध्यम से परीक्षार्थियों को आगे परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा। झज्जर के हजारों विद्यार्थियों को इस व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

**झज्जर आने वाले परीक्षार्थियों के लिए भी पांच रूटों पर चलेगी शटल सेवाः** झज्जर आने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए झज्जर बस स्टैंड से सभी परीक्षा केंद्रों तक निःशुल्क शटल सेवा उपलब्ध रहेगी, जो परीक्षा से पहले और बाद में संचालित होगी। यह शटल सेवा पांच अलग-अलग रूटों पर चलेगी और सभी 14 परीक्षा केंद्रों को कवर करेगी। साथ ही महिला अभ्यर्थियों के साथ एक परिजन को भी यात्रा की अनुमति दी गई है।

## खबर संक्षेप

### एडमिशन के लिए 28 तक करें आवेदन

**बहादुरगढ़।** बादली के चौ. धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कोर्सों में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी 28 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य आनंद काद्यान ने बताया कि एमए हिंदी में 60 सीटें, एमए इतिहास में 60 सीटें, एमए अंग्रेजी में 60 सीटें व एमए भूगोल में 30 सीटें उपलब्ध हैं। दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को 28 जुलाई तक आवेदन करना है, 31 जुलाई को प्रथम मेरिट लिस्ट लगेगी और 5 अगस्त से ओपन काउंसलिंग शुरू होगी।

### भापड़ोदा में किसान पर हमला, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव भापड़ोदा में घर में घुसकर एक किसान पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। कुणबे के ही एक व्यक्ति पर आरोप है। शिकायत के आधार पर आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात अनिल के साथ हुई है। अनिल का कहना है कि खेत में काम निपटाने के बाद वह घर आ गया था। रात करीब साढ़े 9 बजे खाना खा रहा था। इसी दौरान कुणबे का ही एक व्यक्ति दरवाजे को लात मारकर अचानक अंदर आया। फिर एक पत्थर उठाकर मेरे चेहरे पर वार किए। जिसमें मुझे काफी चोट आई। इसके बाद वह भाग गया। मुझे अस्पताल में ले जाया गया।

### गाड़ियों की बैट्री व खेत से तार चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** इलाके में चोरी की वारदात नहीं थम रही। आए दिन कहीं न कहीं वारदात की जा रही है। अब भापड़ोदा और लोवा खुर्द में चोरी के मामले सामने आए हैं। यहां खेतों से बिजली की तार और घरों के बाहर खड़ी गाड़ियों से बैट्रियां चुराई गई हैं। पुलिस को दी शिकायत में कर्मबीर ने कहा है कि रात को गाड़ियां खड़ी की गई थी। सुबह देखा तो मेरे कैंटर की बैट्री गायब थी। इस दौरान आसपास पूछताछ की तो पता चला कि बलजीत, धर्मबीर, मनबीर और जय कुंवार की गाड़ियों से भी बैट्रियां निकाली गई हैं। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सदर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, भापड़ोदा में महेंद्र, शेखर और नफे सिंह के खेत में सोलर पैनल की तारें चुराई गई हैं। कनेक्टर व पैनल आदि को भी नुकसान पहुंचाया गया है

### रेलवे फाटक पर युवक से मोबाइल छीना

**बहादुरगढ़।** छोटूराम नगर फाटक के निकट जीआरपी सीमा क्षेत्र में एक युवक से हाथापाई कर मोबाइल छीन लिया गया। इस संबंध में पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दे दी है। जीआरपी ने केस दर्ज कर जांचे शुरू कर दी है। वारदात लाइनपार के निवासी दीपांशु के साथ हुई है। दीपांशु का कहना है कि छोटूराम नगर में उसकी मौसी रहती है। अपनी मौसी को कुछ सामान देकर वह वापस घर जा रहा था। जब छोटूराम नगर फाटक पहुंचा तो दो युवकों ने रास्ता रोक लिया। उनमें से एक युवक ने पकड़ लिया और दूसरे ने मोबाइल छीन लिया। इसके बाद शोर किया और उनका पीछा किया लेकिन वे भागने में कामयाब रहे।

### मुंडका में छत से गिरने से महिला की मौत

**बहादुरगढ़।** मुंडका में संदिग्ध परिस्थितियों में गिरने से एक विवाहिता की मौत हो गई। पुलिस ने शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। मृतका की पहचान करीब 19 वर्षीय प्रीति के रूप में हुई है। प्रीति मूल रूप से बिहार से थी। यहां मुंडका में अपने पति के साथ रह रही थी। कुछ समय पहले ही उसकी शादी हुई थी। वीरवार की देर शाम को वह छत पर सूख रहे कपड़े लेने गई थी। इसी दौरान उसका पांव फिसला और गिर गई। उसे काफी चोट आई। परिजनों ने देखा तो संभाला और अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## एक्सीडेंट में घायल युवक ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**झज्जर।** करीब तीन माह पहले क्षेत्र के गांव लुहारी में मोटरसाइकिल की टक्कर से गंभीर हुए घायल ने बुधवार को उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान करीब 39 वर्षीय राजेश पुत्र नवल सिंह के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी भरपूर सिंह ने बताया कि बीती 12 अप्रैल को लुहारी निवासी राजेश का एक्सीडेंट हो गया था। इस एक्सीडेंट में आई गंभीर चोटों के कारण राजेश कोमा में था। परिजनों द्वारा उसका उपचार रोहतक पीजीआई में कराया जा रहा था। वीरवार को जब राजेश घर पर था तो अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन जब उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लेकर आए तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आरोपी मोटरसाइकिल को पहले ही पकड़ा जा चुका है। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया।

- **गंभीर चोटों के कारण कोमा में था राजेश, आरोपी गिरफ्तार**

## अवैध रूप से रह रहा बांग्लादेशी गिरफ्तार

**झज्जर।** स्थानीय गुप्तचर विभाग की टीम द्वारा शहर के छावनी मौहल्ला क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया गया है। डीआई सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पिछले करीब बीस वर्षो से अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी को पकड़ा गया है। जिसको नियमानुसार भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने कहा कि आंतरिक सुरक्षा को लेकर गुप्तचर विभाग सतर्क है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अगर आपको अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी या फिर कोई ऐसी समस्या जिससे आमजन को परेशानी हो रही है। उसकी सूचना उनके मोबाइन नंबर 9813516384 पर दे सकते है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम व पता गोपनीय रखा जाएगा।



सुरेंद्र सिंह, डीआई

## सतबीर हत्याकांड में दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव परनाला में हुए सतबीर हत्याकांड में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के लिए आरोपी दो दिन के रिमांड पर लिए गए हैं। रिमांड अवधि में आरोपियों से पुलिस फरार चल रहे आरोपी सहित अन्य मामलों में पूछताछ करेगी। शुक्रवार को आयोजित पत्रकारवार्ता में डीसीपी मयंक मिश्रा ने बताया कि 29 जून की सुबह परनाला गांव में किरयाणा दुकान संचालक 58 वर्षीय सतबीर की बाइक सवार तीन हमलावरों ने चाकू और गोलियों से हमला कर हत्या कर दी थी। मामले में सामने आया कि सतबीर के बेटे ने गांव की एक लड़की से प्रेम विवाह किया था। उसी रंजिश में लड़की के भाइयों ने सतबीर की हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में अब दोनों मुख्य आरोपी गिरफ्तार किए हैं। आरोपियों की पहचान भूपेंद्र उर्फ लक्की और रोहित उर्फ सागर के रूप में हुई है। दोनों परनाला के रहने वाले हैं और इनको गोहाना से पकड़ा गया है।

पकड़े गए आरोपी एक और वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। इनमें से एक आरोपी पर पहले भी संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज है। जिसमें वह वांछित था। दोनों दो दिन के रिमांड पर लिए हैं। रिमांड अवधि में इनसे अहम खुलासों की संभावना है।

### तीन आरोपी पहले पकड़े जा चुके



इससे पहले इस मामले में एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस अब फरार चल रहे एक अन्य मुख्य आरोपी की तलाश में जुटी है। साथ ही आरोपियों को हथियार उपलब्ध कराने वालों की भी पहचान की जा रही है और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। डीसीपी मयंक मिश्रा ने बताया कि पुलिस की टीमें लगातार दबिश देकर आरोपियों को पकड़ने के प्रयास कर रही थीं और अब इस केस में अहम प्रगति हुई है।

## सुलौधा में तेजधार हथियार से बुजुर्ग की हत्या, दो पर केस

■ पुलिस ने बुजुर्ग के बेटे की शिकायत पर केस दर्ज किया, शुक्रवार रात आठ बजे किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव सुलौधा में एक ही परिवार के दो पक्षों में हुए आपसी झगड़े में बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 70 वर्षीय भीम सिंह पुत्र रामनाथ के तौर पर हुई है। मृतक के परिजनों द्वारा दूसरे पक्ष के मां-बेटे को मौत का जिम्मेदार ठहराया है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर परिजनों से मामले की जानकारी ली तथा शव को कब्जे लेकर उसे स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मामले के जांच अधिकारी प्रीतम सिंह ने बताया कि परिजनों के कहने पर चिकित्सकीय बोर्ड द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। मृतक के पुत्र की शिकायत के आधार पर दूसरे पक्ष के दो लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

- **पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से करवाया पोस्टमार्टम**



झज्जर। पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।




झज्जर। पोस्टमार्टम के बाद शव ले जाते हुए परिजन।

पुलिस को दी शिकायत में मृतक भीम सिंह के पुत्र कुलदीप ने बताया कि वह भारतीय सेना में नौकरी करता है।

फिलहाल वह दिल्ली कैंट में सेवाएं दे रहा है। शुक्रवार की सुबह जब वह अपनी ड्यूटी पर था तो उसकी पत्नी पूजा ने हमारे ही परिवार के राजेश व उसकी मां सरला देवी के साथ झगड़े की सूचना दी। उसने बताया कि राजेश व सरला देवी द्वारा पिताजी के साथ मारपीट की जा रही है। कुलदीप के अनुसार जब वह घर पहुंचा तो उसकी पत्नी पूजा, बहन पूनम व मां भतेरी घर पर ही मौजूद थी। कमरे में बैड पर उसके पिता का शव पड़ा था। इस मामले में उसकी बहन पूनम ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे राजेश व उसकी मां सरला ने उसके पिता के साथ झगड़ा शुरू कर दिया। उन्होंने तेजधार हथियार से उसके पिता को अंदरूनी चोट पहुंचाई गई। उन्होंने हमारे साथ भी मारपीट की कोशिश की। झगड़े में आई अंदरूनी चोटों के कारण ही उसके पिता की मौत हुई है।

## चेकिंग के दौरान रेलवे प्लेटफार्म पर मिली अवैध शराब, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर राजकीय रेलवे पुलिस चौकस हो गई है। जीआरपी की ओर से स्टेशन परिसर व आसपास जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी जांच अभियान के दौरान शुक्रवार को प्लेटफार्म पर संदिग्ध अवस्था में एक बैग पाया गया। बैग की तलाशी ली तो उसमें अंग्रेजी शराब के 49 पव्वे बरामद हुए। पुलिस ने आसपास लोगों से पूछताछ की लेकिन बैग का मालिक नहीं मिला। संभवतः पुलिस को देखकर वह भाग गया। इसके बाद पुलिस ने शराब कब्जे में ली और केस दर्ज करने की कार्रवाई शुरू की। एसएचओ सत्यप्रकाश सिंह की अगुवाई में यह चेकिंग अभियान चल रहा है। इंस्पेक्टर सत्यवान सिंह ने कहा कि प्लेटफार्म से काफी अवैध शराब मिली है। मामले में एएसआई उर्मिला कार्रवाई कर रही हैं। जांच की जा रही है। चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।




बहादुरगढ़। अवैध शराब की खेप के साथ पुलिसकर्मी।



एक शेर की दहाड़ इतनी तेज़ होती है इसे पांच मील दूर तक सुना जा सकता है।



कुत्तों की आबादी के मामले मे अमेरिका पहले नंबर पर आता है इसके बाद दूसरा स्थान फ्रांस का आता है।



# अच्छा करियर बनाना है तो आंगनवाड़ी टीचर बेहतर विकल्प



नॉलेज

**यंगभूमि डेस्क**

आंगनवाड़ी टीचर बनना अपने आप में ही एक उपलब्धि है क्योंकि आंगनवाड़ी शिक्षक बनकर आप बच्चों और गरीब वर्ग के लोगों की सहायता कर सकते हैं। यह वास्तव में ही एक सराहनीय काम है। इससे आप बच्चों की शिक्षा में सहायता कर सकते हैं तथा गरीब वर्ग के लोगों की भी मदद कर सकते हैं। एक आंगनवाड़ी सहायिका अपने समाज में महिलाओं और बच्चों की देखभाल करने में अहम भूमिका निभाती है। अगर आपके मन में सवाल उठ रहा है कि आंगनबाड़ी शिक्षक बनने के लिए क्या करना होता है तथा इसके लिए कौन सी योग्यताएं चाहिए। हम इस लेख में जानकारी दे रहे हैं।

## ये होनी चाहिए योग्यता

**शैक्षिक योग्यता**: आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप कम से कम 12वीं कक्षा पास होने चाहिए। शिक्षा मंत्रालय की तरफ से मान्यता प्राप्त बोर्ड से आपकी पढ़ाई पूरी होनी चाहिए।
**आयु सीमा**: आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।
**भाषा योग्यता**: आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आप हिंदी भाषा बोलने में पूर्ण रूप से सक्षम होने चाहिए। आपको बच्चों को सही संज्ञानात्मक पाठ देने में पूरा ज्ञान होना चाहिए।
**प्रशिक्षण प्राप्त करें**: आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए आपको संबंधित ट्रेनिंग लेनी होगी। आप स्थानीय या राष्ट्रीय सरकारी अथवा निजी संस्थानों से टीचर ट्रेनिंग कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए आपको बाल विकास, शिक्षा में प्रवीणता, बाल संरक्षण आदि के विषयों में गहन ज्ञान लेना होगा।
**योग्यता की जांच**: आंगनवाड़ी टीचर बनने के लिए, आपको 12वीं कक्षा पास होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त आपको भी बाल विकास या संबंधित विषयों में अवधारणा होनी चाहिए।
**आवश्यक कागजात की तैयारी**: आंगनवाड़ी टीचर के पद के लिए आवेदन करने से पूर्व, आपको जरूरी दस्तावेजों की तैयारी करनी होगी। आपको अपनी शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, और किसी भी अन्य आवश्यक दस्तावेजों की एक कॉपी तैयार रखनी होगी।

## ये अलग-अलग पद

**आंगनवाड़ी सेविका**: आंगनवाड़ी सेविका मुख्य रूप से बच्चों और माताओं की देखरेख करने का काम करती है। आंगनबाड़ी सेविका शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं, और सामाजिक सुरक्षा संबंधित कार्यों कों संचालित करती है।
**आंगनवाड़ी सहायका**: आंगनवाड़ी सहायका सेविका की सहायता करने का काम करती हैं और उन्हें विभिन्न कार्यों में सहायता उपलब्ध करती है। वे सामान्यतः आंगनवाड़ी सेविका के अधीन कार्य करती हैं। यानी की आंगनवाड़ी सहायिका आंगनबाड़ी सेविका के अंडर में काम करती है।
**मिशन आंगनवाड़ी सेविका**: कुछ राज्यों में, मिशन आंगनवाड़ी सेविका के पद होते हैं जो सेविका और सहायका के कार्य को पूरा करती है। इनका काम आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के काम को पूरा करना होता है।
**आंगनवाड़ी सहायिका कम और संशोधित संस्करण**: कुछ राज्यों में, आंगनवाड़ी सेविका और सहायका के संशोधित संस्करण होते हैं जो नए नियमों और मानकों के मुताबिक कार्य करते हैं।

## महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलती

### ये लाभ

**बच्चों का सम्पूर्ण विकास**: आंगनवाड़ी में होने वाले कार्यक्रम बच्चों के सामाजिक, शारीरिक, और मानसिक विकास को प्रोत्साहन देते हैं। यहां बच्चों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक योग्यता, और आत्मविश्वास सिखाया जाता है।
**स्वस्थ रहना**: आंगनवाड़ी सेंटर में बच्चों को स्वस्थ खानपान की सलाह दी जाती है और उन्हें नियमित चिकित्सा परीक्षा का लाभ दिया जाता है।
**पोषण की सुरक्षा**: आंगनवाड़ी में उपलब्ध पोषण सेवाएँ बच्चों को सही आहार देने के बारे में जानकारी देती हैं और उनके पोषण स्तर का ध्यान रखती हैं। इससे उनकी गहरी कमजोरी और पोषण संबंधित समस्याओं का समाधान होता है।
**माता की देखभाल**: आंगनवाड़ी में मौजूद मातृ देखभाल सेवाएँ माताओं को गर्भावस्था, प्रसव, और प्रसव के बाद की देखभाल के लिए मदद करती है।

**सैलरी :** आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी की बात करें तो यह 5500 से लेकर 7000 तक प्रतिमाह मिलती हैं। मिनी आंगनवाड़ी वर्कर की सैलरी 4250 से लेकर 5500 तक मिलती है तथा आंगनवाड़ी हेल्पर सैलरी 3250 से लेकर 4000 तक प्रति महीना होती है।

### ये सेवाएं

**प्री-स्कूल शिक्षा** : आंगनवाड़ी सेंटर में प्री-स्कूल शिक्षा का विकास किया जाता है। यहां बच्चों को बेसिक शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और कला-संस्कृति के आधार पर शिक्षा प्रदान की जाती है।
**पोषण सेवाएं** : आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए पोषण सेवाएँ होती है। यहां बच्चों को सही आहार, पोषण और स्वस्थ खानपान के बारे में बताया जाता है।
**मातृ देखभाल सेवाए** : आंगनवाड़ी में मातृ देखभाल सेवाएँ भी मुहैया करवाई जाती है। यहां माताओं को गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के समय, और प्रसव के बाद सही देखभाल और सलाह प्रदान दी जाती है।
**आरोग्य सेवा** : आंगनवाड़ी में आरोग्य सेवाएं भी उपलब्ध करवाई जाती है। यहां पर बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। आंगनवाड़ी में और भी कई तरह की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती है।

---

## रोजगार पाने के ढेर सारे अवसर, अपनी पसंद का करियर बनाएं

# आर्ट्स से 12वीं करने के बाद मिलते हैं सरकारी नौकरियों के अनेक अवसर

जॉब ट्रेंड्स

**करियर डेस्क**

### टीचिंग और एसएससी में मिलते बड़े अवसर

अगर आप किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी प्राइवेट नौकरी करना चाहते हैं तो उसके लिए 12वीं कक्षा को पास करना अनिवार्य होता है। विद्यार्थियों के लिए सरकारी नौकरी हमेशा ही एक लोकप्रिय विकल्प रहता है। ऐसे में देखा जाए तो 12वीं कक्षा करने के बाद बहुत सारी सरकारी नौकरी होती है जिन्हें हम कर सकते हैं और अपना बेहतर कैरियर बना सकते हैं, लेकिन कई नौकरियां ऐसी होती है जो स्ट्रीम के हिसाब से की जाती है। ऐसे में हम आपको 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जिन्होंने आर्ट्स के द्वारा 12वीं कक्षा पास की है उनके लिए सरकारी नौकरी के विकल्प लेकर आए हैं।



### असिस्टेंट लोको पायलट

आर्ट्स से 12वीं कक्षा पास करने के बाद सरकारी नौकरी में असिस्टेंट लोको पायलट आता है। यह नौकरी उन लोगों के लिए होती हैं जो लोग 12वीं कक्षा के बाद रेलवे में सरकारी नौकरी करना चाहते हैं।

#### असिस्टेंट लोको पायलट बनने के लिए योग्यता

12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने अनिवार्य है। उम्मीदवार को मैकेनिक या फिर ऑटोमोबाइल से 2 वर्ष डिप्लोमा प्राप्त करना अनिवार्य है। फिजिकल पूरी तरह से फिट होना जरूरी है। आंखों की रोशनी पूरी तरह से ठीक होनी चाहिए और व्यक्ति को कलर ब्लाइंडनेस की परेशानी ना हो।

#### असिस्टेंट लोको पायलट की तनख्वाह

असिस्टेंट लोको पायलट को शुरुआती समय में जो सैलरी मिलती है उसमें वेतन के अलावा उन्हें अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। अगर ओवरटाइम करते हैं तो एडवांस भी दिया जाता है। शुरुआती समय में 35000 तक तनख्वाह होती है।

### पोस्टल असिस्टेंट

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद पोस्टल असिस्टेंट के पद पर भी कार्यरत किया जा सकता है। इसे डाक पोस्ट के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरे ऑफिस के काम को मैनेज करता है।

**योग्यता**

- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- एसएससी सीएचएसएल की परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
- व्यक्ति की आयु 18 से 27 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
- कंप्यूटर के ज्ञान के साथ-साथ पूरी तरह से टाइपिंग भी आनी चाहिए।

**सैलरी**

इस पद पर अगर आप काम करते हैं तो बेसिक सैलरी के साथ-साथ अन्य भत्ते भी दिए जाते हैं। इसमें शुरुआती सैलरी 20000 से 25000 तक होती है।

### रेलवे क्लर्क

12वीं कक्षा आर्ट्स से उत्तीर्ण करने के बाद जो लोग सरकारी नौकरी करना चाहते हैं उनके लिए रेलवे क्लर्क बेस्ट ऑप्शन होता है। रेलवे क्लर्क का काम बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। वह इस बात को सुनिश्चित करता है कि रेलवे यार्ड में वैगन और कोच की कितनी संख्या है। इसके अलावा डॉक्यूमेंट तैयार करने का काम भी रेलवे क्लर्क का होता है।

**योग्यता**

12वीं कक्षा पास होना अनिवार्य है।
आरआरबी एनटीपीसी की परीक्षा क्लियर करना अनिवार्य है। उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिएऔर अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। एससी और एसटी वर्ग को आयु सीमा में 3 साल से 5 साल तक की छूट दी जाती है।

**सैलरी**

रेलवे क्लर्क पद पर अगर सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती महीने में 28000 से लेकर 30000 तक की सैलरी दी जाती है।

### फॉरेस्ट गार्ड

12वीं कक्षा पास करने के बाद आप फॉरेस्ट गार्ड की नौकरी अगर करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको एग्जाम देना होता है। इसमें पास होने वाले विद्यार्थियों को जंगलों की सुरक्षा के लिए उसके पद पर तैनात कर दिया जाता है। अगर आप अपनी प्रकृति से अधिक प्रेम करते हैं तो आप इस तरह की नौकरी कर सकते हैं। इस पद पर आपको 30000 से लेकर 40 हजार रुपए तक की सैलरी दी जाती है।

#### रेलवे ग्रुप डी की नौकरी

रेलवे ग्रुप डी आरआरबी के द्वारा लेवल 1 का एग्जाम होता है जिसे क्लियर करना अनिवार्य होता है। यह रेलवे मंत्रालय के अधीन आता है इसीलिए केंद्रीय सरकार के अंतर्गत ही नौकरी करनी होती है। 12वीं कक्षा किसी भी स्ट्रीम से पास किया हुआ विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। वहीं अगर इसकी सैलरी की बात की जाए तो शुरुआती समय में अन्य भत्ते के साथ 22 से 25000 तक की सैलरी होती है।



### गवर्नमेंट टीचर की नौकरी

आज के समय में बहुत सारे विद्यार्थी ऐसे हैं जो 12वीं कक्षा के बाद सरकारी नौकरी में गवर्नमेंट टीचर की नौकरी प्राप्त करना चाहते हैं। हालांकि सरकारी टीचर बनना बहुत ही ज्यादा मुश्किल होता है। इसके लिए सबसे पहले ट्रेनिंग कोर्स करना होता है इसके बाद कई एग्जाम देने के बाद सरकारी टीचर बन सकते हैं।

**योग्यता**

- 12वीं पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को टीचर ट्रेनिंग का कोर्स किया होना चाहिए।
- टीचर एलिजिबिलिटी एग्जाम पास करना अनिवार्य है।
- विद्यार्थी को कंप्यूटर की जानकारी होना भी अनिवार्य है।

**सैलरी**

एक सरकारी टीचर की सैलरी उसके ऊपर निर्भर करती है कि उसका पद क्या है। अगर शुरुआती समय में गवर्नमेंट टीचर की सैलरी बात की जाए तो यह 20000 से लेकर 40000 तक होती है। उसके बाद अनुभव के साथ-साथ सैलरी बढ़ती जाती है। हमने कुछ नौकरी के बारे में आपको विस्तार पूर्वक बताया है लेकिन इस 12वीं कक्षा आर्ट्स के द्वारा पास करने के बाद आपके पास बहुत सारे विकल्प ऐसे होते हैं जिनका इस्तेमाल करके आप सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। हम आपको कुछ अन्य विकल्प के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

### एसएससी जीडी में नौकरी

कर्मचारी आयोग प्रत्येक वर्ष एसएससी जीडी परीक्षा को आयोजित करता है इसके जरिए विभिन्न विभाग में कांस्टेबल के पद पर भारती की जाती है जो व्यक्ति कांस्टेबल के रूप में नौकरी पाना चाहते हैं उनके लिए यह बेहतर ऑप्शन होता है इसमें निम्नलिखित ऑप्शन होते हैं।

- बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स
- सशस्त्र सीमा बल
- सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स
- इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस
- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में सिपाही
- सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स
- सेक्रेटेरिएट सिक्योरिटी फ़ोर्स
- राइफलमैन इन असम राइफल्स

इसके लिए छात्र दसवीं पास करने के बाद भी इस परीक्षा को दे सकता है। अन्यथा 12वीं पास करने के बाद भी परीक्षा दी जा सकती है। इसके लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित विद्यार्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाती है।

### 12वीं कक्षा आर्ट्स करने के बाद क्या करें

12वीं कक्षा आर्ट्स उत्तीर्ण करने के बाद आप अपनी इच्छा के अनुसार अपने करियर का चुनाव कर सकते हैं। अगर आपको वर्दी पहनने का शौक है तो आप सेना या अर्ध सैनिक बल में जाकर देश की सेवा कर सकते हैं या फिर आप स्टेट पुलिस के लिए भी अप्लाई कर सकते हैं। इसी के साथ-साथ आप रेलवे में नौकरी अगर प्राप्त करना चाहते हैं तो उसके लिए ग्रुप डी के साथ-साथ कांस्टेबल की तैयारी भी कर सकते हैं। अगर आप चाहते हैं कि आप इस प्रकार की नौकरी करें जहां पर शारीरिक परिश्रम ना करना पड़े केवल ऑफिस का काम हो तो इसके लिए आप गवर्नमेंट विभाग में आने वाली एलडीसी भर्ती की तैयारी भी कर सकते हैं।

---

# सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा, इसने खोले करियर के कई नए रास्ते



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

आज का युग डिजिटल युग है, और सोशल मीडिया हमारी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, और टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्म ने न केवल हमें दुनिया से जोड़ा है, बल्कि करियर के नए रास्ते भी खोले हैं। लेकिन, सोशल मीडिया का प्रभाव और करियर में शॉर्टकट की चाहत छात्रों के लिए एक दोधारी तलवार की तरह हो सकती है। यह लेख आपको प्रेरित करेगा कि सोशल मीडिया का सही उपयोग कैसे करें और शॉर्टकट की ललक को छोड़कर एक मजबूत और सार्थक करियर कैसे बनाएं। सोशल मीडिया ने छात्रों के लिए अनगिनत अवसर पैदा किए हैं। चाहे वह ऑनलाइन लर्निंग हो, स्किल डेवलपमेंट हो, या फिर नेटवर्किंग, सोशल मीडिया ने सीमाओं को तोड़ दिया है। आज आप यूट्यूब पर फ्री कोर्सेज के जरिए नई स्किल्स सीख सकते हैं, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से जुड़ सकते हैं, और इंस्टाग्राम पर अपनी क्रिएटिविटी दिखा सकते हैं।

## मेहनत और लगन से मिलती है सफलता

कई छात्रों ने सोशल मीडिया का उपयोग करके अपने स्टार्टअप शुरू किए, फ्रीलांसिंग में कदम रखा, या फिर एक इन्फ्लुएंसर के रूप में अपनी पहचान बनाई। उदाहरण के लिए, कई यंग यूट्यूबर्स और इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर्स ने अपनी पढ़ाई के साथ-साथ कंटेंट क्रिएशन शुरू किया और आज लाखों की कमाई कर रहे हैं। लेकिन यहाँ एक महत्वपूर्ण बात है: इन लोगों ने मेहनत, लगन, और सही दिशा में काम करके सफलता हासिल की। सोशल मीडिया ने उन्हें एक मंच दिया, लेकिन उनकी मेहनत ने उस मंच को चमकाया।

**शॉर्टकट की चाहत: एक खतरनाक जाल** : सोशल मीडिया पर चमक-दमक देखकर कई छात्र यह सोचने लगते हैं कि सफलता का रास्ता आसान और तुरंत मिलने वाला है। इन्फ्लुएंसर्स की लग्जरी लाइफ, ट्रेंडिंग रील्स, और वायरल वीडियोज देखकर लगता है कि बस एक वीडियो बनाया और रातोंरात स्टार बन गए। लेकिन हकीकत इससे कहीं अलग है। शॉर्टकट की चाहत में कई छात्र अपनी पढ़ाई, स्किल डेवलपमेंट, और लॉन्ग-टर्म गोल्स को नजरअंदाज कर देते हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ छात्र फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए गलत तरीकों का सहारा लेते हैं, जैसे फेक फॉलोअर्स खरीदना या कॉपीराइट कंटेंट का इस्तेमाल करना। इससे न केवल उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठता है, बल्कि कानूनी परेशानियाँ भी हो सकती हैं। इसके अलावा, साइबर क्राइम जैसे फिशिंग, हैकिंग, या साइबरबुलिंग में फंसने का खतरा भी बढ़ जाता है। एक गलत कदम आपके करियर को बर्बाद कर सकता है।

**सही दिशा में सोशल मीडिया का उपयोग** : छात्रों, यह समझना जरूरी है कि सोशल मीडिया एक टूल है, न कि आपका गोल। इसे अपने करियर को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल करें, न कि शॉर्टकट की तलाश में भटकने के लिए। यहाँ कुछ टिप्स हैं जो आपको प्रेरित करेंगे।

**स्किल्स सीखें**: सोशल मीडिया पर ढेरों फ्री और पेड कोर्सेज उपलब्ध हैं। चाहे वह कोडिंग हो, डिजिटल मार्केटिंग हो, या ग्राफिक डिजाइनिंग, अपने इंटरेस्ट के हिसाब से स्किल्स सीखें। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर **Coursera** या **Skillshare** जैसे प्लेटफॉर्म्स के फ्री ट्यूटोरियल्स देखें।

**नेटवर्किंग करें**: लिंक्डइन जैसे प्लेटफॉर्म्स पर इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स से जुड़ें। अपने प्रोजेक्ट्स और अचीवमेंट्स शेयर करें। यह आपको इंटर्नशिप्स और जॉब्स के लिए नए रास्ते खोलेगा।

## वैल्यूएबल कंटेंट बनाए

**क्रिएटिव बनें**: अगर आप इन्फ्लुएंसर बनना चाहते हैं, तो ओरिजिनल और वैल्यूएबल कंटेंट बनाएं। उदाहरण के लिए, अगर आप साइंस के स्टूडेंट हैं, तो साइंस से जुड़े मजेदार एक्सपेरिमेंट्स शेयर करें। यह आपकी ऑडियंस को आकर्षित करेगा।

**साइबर सिक्योरिटी का ध्यान रखें**: सोशल मीडिया पर अपनी पर्सनल जानकारी सावधानी से शेयर करें। स्ट्रॉन्ग पासवर्ड्स और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें। अगर आपको कोई साइबर क्राइम का शिकार बनाया जाता है, तो तुरंत **www.cybercrime.gov.in** पर शिकायत दर्ज करें।

**लॉन्ग-टर्म गोल्स पर फोकस करें**: सोशल मीडिया की चमक में अपनी पढ़ाई और करियर गोल्स को न भूलें। शॉर्टकट की जगह मेहनत और धैर्य को अपनाएं। सचिन तेंदुलकर या एलोन मस्क जैसे लोग रातोंरात सफल नहीं हुए; उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें वहाँ पहुँचाया। आइए, एक भारतीय छात्र की कहानी से प्रेरणा लें। अनन्या, एक कॉलेज स्टूडेंट थी, जिसने लॉकडाउन के दौरान यूट्यूब पर इंग्लिश लर्निंग वीडियोज शुरू किए। उसने छोटे-छोटे टिप्स शेयर किए, जैसे कि इंग्लिश बोलने का डर कैसे दूर करें। उसकी मेहनत और कंसिस्टेंसी की वजह से आज उसके लाखों सब्सक्राइबर्स हैं, और वह एक ऑनलाइन कोचिंग प्लेटफॉर्म भी चलाती है। अनन्या ने सोशल मीडिया का सही उपयोग किया और शॉर्टकट की जगह अपनी स्किल्स पर भरोसा किया।

## सामान्य ज्ञान

**1.** समुद्र पृथ्वी की सतह का लगभग ______ घेरे हुए है ।
(ए) 50%'
(बी) 60%'
(सी) 70%'
(डी) 80%'

**2.** कौन - सा सागर महासागरीय मरुभूमि के रूप में अभिहित किया जाता है ?
(ए) अरब सागर
(बी) सार्गैसो सागर
(सी) लाल सागर
(डी) चीन सागर

**3.** सार्गैसो सागर अवस्थित है -
(ए) प्रशांत महासागर में
(बी) उतरी अटलांटिक महासागर में
(सी) दक्षिणी अटलांटिक महासागर में
(डी) हिन्द महासागर में

**4.** तस्मान सागर किसके मध्य अवस्थित है ?
(ए) उत्तर व दक्षिण अमेरिका
(बी) भारत व श्रीलंका
(सी) ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड
(डी) साइबेरिया व अलास्का

**5.** निम्नलिखित में से किस सागर की सीमाएं तीन महाद्वीपों को स्पर्श करती है ?
(ए) लाल सागर
(बी) बेरिंग सागर
(सी) भूमध्य सागर
(डी) अरब सागर

**6.** निम्नलिखित सागरों में से किसके चारों ओर समुद्री धाराएं प्रवाहित होती है ?
(ए) चीन सागर
(बी) जापान सागर
(सी) मारमारा सागर
(डी) सारगैसो सागर

**7.** काला सागर किस देश के दक्षिण में स्थित है ?
(ए) फ्रांस
(बी) रूस
(सी) तुर्की
(डी) इंग्लैंड

**8.** निम्नलिखित में कौन - सा देश काला सागर को स्पर्श नहीं करता है ?
(ए) रूस
(बी) कजाकिस्तान
(सी) यूक्रेन
(डी) मोल्दोवा

**उत्तर** 1.(सी) 2.(बी) 3.(बी) 4.(सी) 5.(सी) 6.(डी) 7.(बी) 8.(बी)

## खबर संक्षेप

### रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर कल

**झज्जर।** इंडेप्थ विजन फाउंडेशन एवं सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था सदस्या पूनम देशवाल ने बताया कि नागरिक अस्पताल के नजदीक लगने वाले डॉ. नितिन कौशिक, डॉ. कुलदीप गुलिया व डॉ. निधि धनखड़ द्वारा जहां लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी रक्त संचयन का कार्य एम्स बाढ़सा की टीम द्वारा किया जाएगा।

### डाबोदा खुर्द में मनाया वन महोत्सव

**बहादुरगढ़।** गांव डाबोदा खुर्द के ग्राम भारती मिडल स्कूल में वन महोत्सव मनाया गया। स्कूल संचालक गुरचरण सिंह व मुख्याध्यापिका कृष्णा कटारिया ने बच्चों व स्टॉफ के साथ पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उनके अनुसार हमें अपने पर्यावरण को हरा-भरा रखने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में पूनम, रजनी, सोनिया, पुष्पा, रेखा, शिखा, पिंकी व हिमांशी ने भी सहयोग दिया।

### एमरजेंसी में आने-जाने वाले मरीजों को जल भराव से गुजरना पड़ रहा

# नागरिक अस्पताल परिसर में जल भराव के कारण बीमारी संक्रमण का खतरा बना

■ रात के समय लोगों को आने जाने में अधिक परेशानी आ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जहां अभियान चला कर आमजन को डेंगू व मलेरिया के प्रति जागरुक किया जा रहा है वहीं अस्पताल परिसर में एमरजेंसी जाने वाले रास्ते व पार्क परिसर में जमा बरसाती पानी में मच्छर पनप रहे है। बीते दिनों हुई जोरदार बरसात के बाद शहर के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ स्थानीय नागरिक अस्पताल परिसर में भी जल भराव की स्थिति बनी है। दो दिन बीतने के बाद भी अस्पताल के एमरजेंसी तक जाने वाले रास्ते पर पानी भरा है। ऐसे में एमरजेंसी में आने-जाने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को जल भराव से गुजरना पड़ रहा है। रात के समय लोगों को आने-जाने में अधिक परेशानी आ रही है। अस्पताल में बनाए गए पार्क परिसर में बरसात का पानी जमा होने के कारण वहां मच्छरों का जमावड़ा रहता है। जलभराव में पनपे मच्छरों के कारण बीमारी संक्रमण का खतरा बना है। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन को अपने आसपास जलभराव नहीं होने देने के प्रति जागरूक किया जा रहा है, वहीं नागरिक अस्पताल परिसर में ही पानी भरा हुआ है। जिसके कारण यहां आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों के अलावा स्टॉफ कर्मियों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



झज्जर। नागरिक अस्पताल में एमरजेंसी गेट वाले रास्ते पर हुआ जलभराव। फोटो :हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### बलराज खरहर बने इनेलो बेरी हलका अध्यक्ष

**बहादुरगढ़।** इनेलो ने बेरी हलका की कार्यकारिणी गठित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता शीला नफे सिंह राठी ने की, जबकि कार्यक्रम का मंच संचालन शहरी जिलाध्यक्ष रामनिवास सैनी ने किया। बलराज खरहर को बेरी हलके का अध्यक्ष व कर्मबीर सेठी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। सूरजभान छोछी, राजपाल, जयप्रकाश पहाड़ीपुर, श्रीपाल मातन, नरेंद्र शर्मा व जग्गू छारा को उपाध्यक्ष बनाया गया। दिनेश चिमनी को प्रधान महासचिव, कर्मबीर मातन, अतुल गोच्छी, पोपे गोधड़ी, लक्ष्मीनारायण डीघल, पवन अच्छेज, सुरेंद ठेकेदार को सचिव बनाया गया। सुरजीत धौड़ को कोषाध्यक्ष व विनीत खरहर को प्रचार सचिव नियुक्त किया गया।



बहादुरगढ़। इनेलो के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ शीला राठी। फोटो :हरिभूमि

### कांग्रेस के ओबीसी सम्मेलन को सराहा

**बहादुरगढ़।** अखिल भारतीय जांगिड महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष गीता डिरोलिया ने भी कांग्रेस ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन में हिस्सा लिया। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की इस पहल का स्वागत किया। उनके अनुसार हरियाणा का ओबीसी समाज इस लड़ाई में उनके साथ है। इस मौके पर अनीता, जतिन, साहिल, आकाश व अंकुश आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। सम्मेलन में भाग लेने जाती गीता डिरोलिया व अन्य।

### लाइनपार में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर



**बहादुरगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा लाइनपार के एचआरएसएस जनता सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में 112 लोगों का स्वास्थ्य जांचने के साथ ही परामर्श दिया गया। इस दौरान 32 गर्भवती महिलाओंकी जांच और 78 लाभार्थियों की एनीमिया/हीमोग्लोबिन जांच की गई। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधुप सेठी मुख्य रूप में उपस्थित रहे, जबकि स्कूल निदेशक धर्मवीर हुड्डा ने कैंप के आयोजन में सहयोग दिया। शिविर में नुक्कड़ नाटक, सांस्कारिक नृत्य और गीतों के माध्यम से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नेताजी नगर अर्बन पीएचसी की टीम ने स्वास्थ्य जांच की। कैंप में शहरी नोडल अधिकारी डॉ सुंदरम, डॉ सुशील, डॉ. गगन, डॉ. रोहित, डॉ. रवि, एएनएम मंजू, आशा कार्यकर्ता मुकेश, मीणा, संतोष, सुनीता, मंजीता, नीतू, पूनम आदि उपस्थित रही।

### अंग्रेजी वन एक्ट प्ले में पटेल सदन के विद्यार्थी रहे प्रथम

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में अंतर सदनीय अंग्रेजी वन एक्ट प्ले का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चारों सदनों के नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न ज्वलंत विषयों पर अपने मनोभावों को व्यक्त किया। विद्यालय प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की सचिव हेमंत गुलिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लों ने बताया कि प्रतियोगिता परिणामों में पटेल सदन के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने पहलगाम का आतंकी हमला विषय पर शानदार प्रस्तुति दी। इनके अलावा अटल सदन के विद्यार्थी द्वितीय तथा कलाम सदन के विद्यार्थी तृतीय रहे जबकि रमन सदन को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ज्वलंत विषयों पर आधारित संदेश दिया। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के सदस्यों ने की साफ-सफाई



झज्जर। गांव की फिरनी की साफ-सफाई करते हुए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा डायरिया रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र के गांव सुरेहती में लोगों को जागरूक किया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से बीआरसी दिनेश कुमार ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सूरजमुखी के केंद्र पर आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों को डायरिया की रोकथाम, उसके बचाव व उपचार, ओआरएस के इस्तेमाल, जल जनित बीमारियों के बचाव, घर पर पीने के पानी का उचित रख- रखाव, ओटी किट से क्लोरीन की उपलब्धता की जांच व पानी की शुद्धता बारे जागरूक किया गया। जल सरंक्षण व पेयजल की शिकायत निवारण के लिए विभाग के टोल फ्री नम्बर 1800-180-5678 बारे भी जानकारी दी गई। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के सहायक समन्यवक तकनीकी संदीप बोडिया ने उपस्थित महिलाओं को स्वच्छता के सात घटकों बारे जानकारी देते हुए बताया कि हमें निजी सफाई, घर की सफाई के साथ-साथ समुदाय की सफाई पर विशेष ध्यान रखना जरूरी है। खुले में शौच न जाने बारे, खाना खाने से पहले व शौच जाने के बाद साबुन से हाथ धोने बारे भी लोगों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के सदस्यों द्वारा गांव की फिरनी व सामुदायिक भवनों की सफाई भी की गई। इस मौके पर ग्राम सरपंच बलवान सिंह, सुशीला, रेखा, सूरजमुखी, मंजीत, पंप चालक नवीन, राजेश, संतोष सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# विजया स्कूल में करवाया योगाभ्यास

■ योगाभ्यास करवाने के साथ ही विद्यार्थियों को कारगिल विजय दिवस के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शुक्रवार को विजया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में योगाचार्य जगदीश कुमार सहवाग द्वारा निःशुल्क देशभक्ति और योग-प्राणायाम शिविर लगाया गया। योगाभ्यास करवाने के साथ ही विद्यार्थियों को कारगिल विजय दिवस के बारे में बताया गया। स्कूल डायरेक्टर आरएन किंद्रा व अकेडमिक एडवाइजर शशि किंद्रा विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य एसके विश्वास ने की। योगाचार्य जगदीश सहवाग ने बताया कि कारगिल विजय दिवस पर हर नागरिक भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और विजय गाथा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है। भारतीय सेना के वीर जवानों ने पाकिस्तान की कुटिल महत्त्वाकांक्षा, खोखले दुस्साहस और दिवास्वप्न को रौंदते हुए 16 हजार फुट ऊंची कारगिल की चोटी पर तिरंगा फहराया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्र धर्म प्रथम है। उन्होंने कहा कि योग से आरोग्यता की प्राप्ति होती है। प्रतिदिन योग करने से रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। योग से शारीरिक-मानसिक एवं आध्यात्मिका शक्ति में वृद्धि होती है। योग जीवन का सुरक्षा चक्र है। हमें स्वस्थ रहकर देश की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए।



बहादुरगढ़। योगाभ्यास के उपरांत बच्चों को संबोधित करते योगाचार्य जगदीश सहवाग।



बहादुरगढ़। कोच नीरज शर्मा के साथ सूरज राणा। फोटो :हरिभूमि

### सूरज ने वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में जीता स्वर्ण पदक

**बहादुरगढ़।** बैंकॉक में हुई वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ी सूरज राणा ने स्वर्ण पदक जीता है। उसका बहादुरगढ़ की ओमेक्स सिटी में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। कोच नीरज शर्मा ने बताया कि बैंकॉक में 17 से 19 जुलाई तक वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में सूरज राणा ने 85 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सूरज ने इस जीत का श्रेय अपने माता-पिता और कोच को दिया। श्रीलंका में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भी सूरज का चयन हुआ है। खेल प्रेमी अविनाश गर्ग, शोभित, नरेश, कुलदीप, लक्की ने भी सूरज को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चेयरपर्सन ने गड्ढे भरने के कार्य का निरीक्षण



बहादुरगढ़। गड्ढे भरने के कार्य का निरीक्षण करतीं चेयरपर्सन सरोज राठी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लाल चौक स्थित मेन बाजार के स्वागत द्वार पर बने गड्ढे की सुध आखिरकार ले ली गई। शुक्रवार को इस गड्ढे को भर दिया गया। इसके अलावा रोहतक-दिल्ली रोड पर अन्य जगह बने गड्ढे भी भरे गए। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने गड्ढों को भरने के कार्य का निरीक्षण किया। चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि गड्ढों को भरने का कार्य किया जा रहा है ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना घटित न हो। बरसात के बाद जल्द ही दिल्ली रोहतक रोड बनाया जाएगा और रोड के साथ में टाइल भी लगाई जाएंगी। सांखोल मोड़ से सेक्टर-9 बाईपास तक दिल्ली रोहतक रोड बनेगा। तब तक मौजूदा गड्ढों को भरने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी, लोक निर्माण विभाग के जेई शुभम मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों को किया पौष्टिक आहार के लिए प्रेरित

**झज्जर।** महर्षि दयानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुड्डन में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए बेस्ट टिफिन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कराई इस प्रतियोगिता में विद्यार्थी घर से विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन, फल, हरी सब्जियां, सुखे मेवे आदि लेकर स्कूल पहुंचे। प्राचार्य रामनिवास गहलावत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे जंक फूड से दूर रहते हुए पौष्टिक आहर की आदत डालें। एकेडमिक इंचार्ज डॉक्टर राजबीर सहवाग ने अभिभावकों को दिए संदेश में कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक सकारात्मक कदम है। इनके अलावा विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य रमेश डिरोलिया, सुरेंद्र कोडान व प्ले ग्रुप इंचाज अलका रानी ने भी संबोधित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट टिफिन प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



झज्जर। विद्यार्थियों के टिफिन का अवलोकन करते हुए अध्यापिकाएं। फोटो :हरिभूमि

### अभिभावकों ने बच्चों की शैक्षिक रिपोर्ट का जायजा लिया

**झज्जर।** आरईडी विद्यालय की स्थानीय व छुछकवास शाखा में शुक्रवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। अभिभावकों ने बच्चों के साथ स्कूल पहुंच कर अध्यापकों से अपने लाडलों की शैक्षणिक रिपोर्ट का जायजा लिया। बैठक के दौरान अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई को लेकर आवश्यक सुझाव भी दिए। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या अनिता सिवाच ने अभिभावकों का स्कूल पहुंचने पर आभार जताया।





झज्जर। हितेश गुलिया को प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान करते हुए मुक्केबाजी महासंघ के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने किया मुक्केबाज हितेश गुलिया को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले के होनहार मुक्केबाज हितेश गुलिया द्वारा भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा सम्मानित किया है। क्षेत्र के गांव जहांगीर निवासी हितेश गुलिया को महासंघ की ओर से दो लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि का चेक देकर सम्मानित किया गया। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि हितेश गुलिया ने देश के लिए वर्ल्ड कप के पहले चरण में स्वर्ण पदक और दूसरे चरण में रजत पदक जीतकर देश का नाम वैश्विक पटल पर रोशन किया है। इस अद्वितीय प्रदर्शन से वे विश्व रैंकिंग में नंबर वन मुक्केबाज बने हैं। उन्होंने इस उपलब्धि पर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह का आभार जताते हुए कहा कि मुक्केबाजी महासंघ ने जिस प्रकार से युवा खिलाड़ी को प्रोत्साहन और सम्मान दिया है, उससे भविष्य में खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा और वे भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित होंगे। वहीं, हरियाणा मुक्केबाजी संघ के प्रधान मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि हरियाणा मुक्केबाजी का एक हब के रूप में जाना जाता है।

### राजेश जून ने स्वयं के लाइसेंस नवीनीकरण के लिए वाहन चलाकर ड्राइविंग टेस्ट दिया

# विधायक ने आईडीटीआर में ड्राइविंग प्रशिक्षण सुविधाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने शुक्रवार को आईडीटीआर द्वारा दिए जा रही ड्राइविंग की सुविधाओं का मौके पर जाकर जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम नसीब कुमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे। विधायक राजेश जून ने भी अपने ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए स्वयं गाड़ी चलाकर ड्राइविंग टेस्ट दिया और उसे पास किया। विधायक राजेश जून ने कहा कि आईडीटीआर के प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदकों को वाहन चलाना सिखाया जाता है। पुराने ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण से पहले ड्राइविंग टेस्ट लिया जाता है। प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा मोटर वाहन चलाने के साथ आवदेकों को यातायात के नियमों से भी अच्छी तरह अवगत कराया जाता है। ताकि वे वाहन चलाते समय पूरी तरह से सजग रहे और यातायात के सभी नियमों का पालन करें। मौके पर मौजूद एसडीएम नसीब कुमार ने कहा कि आईडीटीआर के माध्यम से वाहन चलाने का प्रशिक्षण लेना बहुत ही लाभकारी होता है। यहां कुशल व पूर्ण रूप से प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद है, जो आवेदकों को बेहतर वाहन चलाना सिखाते है।



बहादुरगढ़। आईडीटीआर में प्रशिक्षण सुविधाओं का जायजा लेते विधायक व एसडीएम।

# फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शुक्रवार को विद्यार्थियों ने एक भावनात्मक व प्रेरणादायक कार्यक्रम पेश किया। उन्होंने वीर सैनिकों के अदम्य साहस को नमन करते हुए 1999 में हुए कारगिल युद्ध में भारत की विजय को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की जय और वीर शहीद अमर रहें के नारों के साथ हुई। प्रार्थना सभा में सभी छात्रों व शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया। प्रधानाचार्या मोनिका राठी ने कहा कि कारगिल विजय केवल युद्ध की जीत नहीं, बल्कि साहस, संकल्प और मातृभूमि के प्रति प्रेम की अमर मिसाल है। इस अवसर पर छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत, कविता, भाषण व नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। 'हमारे वीर जवान' विषय पर एक लघुनाटिका ने सभी को प्रभावित किया। स्कूल निदेशक हर्षदीप राठी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर छात्रों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को जागृत किया जाता है। सभी विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे राष्ट्र सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।





बहादुरगढ़। कारगिल शहीदों को नमन करते फाउंडेशन स्कूल के विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेती स्कूल की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### मेहंदी प्रतियोगिता में साक्षी जीती

**बहादुरगढ़।** शक्ति विद्या मंदिर हाई स्कूल में हरियाली तीज पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता भी हुई। इसमें कक्षा 5वीं से लेकर 10वीं कक्षाओं की छात्राओं ने भाग लिया। स्कूल निदेशक प्रवीण कुमार शर्मा व प्राचार्य राजेश्वरी देवी ने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। मेहंदी प्रतियोगिता में साक्षी यादव ने पहला स्थान, सौम्या ने दूसरा व वंशिका ने तृतीय स्थान पाया। इस मौके पर तरुण कौशिक, पूनम देवी, कीर्ति शर्मा, सरिता, सुमन, रवि ग्रोवर व अनुराधा आदि मौजूद रहे।



झज्जर। श्रीगणेश की प्रतिमा को झूला झुला कर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए निदेशक सुखबीर डबास।

### हरियाणवीं परिधान के साथ लिया झूले का आनंद

**झज्जर।** तक्षशिला विद्यापीठ स्कूल बेरी में हरियाली तीज पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। चेयरमैन सुखबीर डबास, निदेशक हरबीर डबास व प्राचार्य नसीब अहलावत ने श्रीगणेश की प्रतिमा को झूला-झुलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यार्थियों ने हरियाणवीं परिधान व खान-पान की प्रस्तुति देते हुए झूला-झूलना, चूड़ियां पहनाना, मेहंदी लगाने जैसे पारंपरिक रीति-रिवाज निभाएं। कार्यक्रम में जहां छात्राओं ने सावन के गीतों पर नृत्य कर समां बांधा वहीं छात्राओं ने पतंगबाजी में भाग लेते हुए पर्व का आनंद लिया।

## छारा में तीज पर हुए भव्य कार्यक्रम

# तीज जैसे पर्व हमारी संस्कृति की आत्माः दलाल

पारंपरिक गीत-संगीत, लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का संदेश दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭बहादुरगढ़

गांव छारा के ग्रामीण वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीज महोत्सव पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। पारंपरिक गीत-संगीत, लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का संदेश दिया।

दीप प्रज्वलन के उपरांत छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में हरियाणवी लोकगीतों, तीज से जुड़े भजनों और सावन की रिमझिम से प्रेरित लोकनृत्यों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण, नारी शक्ति, रक्षाबंधन और पारिवारिक मूल्यों पर आधारित लघु नाटिकाओं से सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया। प्रधानाचार्या वंदना ने छात्राओं को तीज पर्व के ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व से परिचित करवाया। उप-प्रधानाचार्या सविता ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सांस्कृतिक ज्ञान की जरूरत समझाई।

स्कूल संचालक सतेंद्र दलाल ने बताया कि तीज जैसे पर्व हमारी संस्कृति की आत्मा हैं। पंचायत सदस्य मास्टर अनिल दलाल ने कहा कि ग्रामीण विद्यालयों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इस मौके पर इंद्रावती व संतोष आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छारा ग्रामीण स्कूल की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### स्पेशल बच्चों ने भी मनाई तीज

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा स्थित नक्षत्र और आशा किरण स्पेशल स्कूल में भी शुक्रवार को तीज का त्योहार उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। स्पेशल विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधानों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राचार्य नवीन देसवाल ने कहा कि तीज का त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और तीज के महत्व को समझा।



बहादुरगढ़। तीज पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्पेशल बच्चे। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। तीज उत्सव मनाते ऑक्सफोर्ड स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में मना तीज उत्सव

**बहादुरगढ़।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में तीज उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय की छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य से प्रभावित किया। लोकगीत और तीज के पारंपरिक गीतों की धुन पर सब झूम उठे। प्राचार्या शीला देवी व शिक्षकों ने तीज का महत्व समझाया।



बहादुरगढ़। हरियाणवी नृत्य करती निलोठी स्कूल की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### निलोठी स्कूल में मनाई तीज

**बहादुरगढ़।** गांव निलोठी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हरियाली तीज का पर्व हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। रीना राठी ने स्कूली छात्राओं को 'तीज' की पौराणिक कथाओं समेत विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं ने हरियाणवी गीतों व नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। प्राचार्य विजय सिंह ने कहा कि प्रदेश की पुरातन संस्कृति का संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। सुनीता दलाल ने छात्राओं को दामण-कुर्ता, आभूषणों व गीतों की विशेष तैयारी करवाई।



बहादुरगढ़। तीज की मस्ती में झूमते माउंट व्यू स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### माउंट व्यू स्कूल में मनाया तीज का त्योहार

**बहादुरगढ़।** माउंट व्यू स्कूल में हरियाली तीज का उत्सव धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर 'सेल्फी प्वाइंट' पर सुंदर तस्वीरें खिंचवाई। जगह-जगह सजाए गए झूलों पर लोकगीतों की मधुर धुनों के साथ बच्चे झूलते दिखे। विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी लोकगीतों और नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। स्कूल निदेशक देवेंद्र लाठर ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा। प्रधानाचार्य सुरेंद्र छिल्लर ने कहा कि हमें अपने पर्वों को मिलजुलकर मनाना चाहिए।



बहादुरगढ़। शुक्रवार को झूला झूलते बादली कॉलेज के स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

### बादली कॉलेज में भी मनाया पर्व

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को बादली के चौ. धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने झूला झूलकर तीज का त्यौहार मनाया। इस दौरान पारम्परिक मिठाई घेवर बांटा गया। प्राचार्य आनंद कादयान ने बताया कि ऐसे आयोजनों से हम अपनी संस्कृति को जिंदा रख सकते हैं।

## पारंपरिक वेशभूषा में स्कूल पहुंचे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭झज्जर

पैरामाउंट ग्रुप ऑफ स्कूल की शाखा छुछकवास में शुक्रवार को तीज पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थी पारंपरिक वेशभूषा में स्कूल पहुंचे। संस्था के चेयरमैन मंजीत फौगाट ने बताया कि तीज पर्व को लेकर विद्यालय परिसर में झूले भी लगाए गए जिसका विद्यार्थियों व शिक्षकों ने आंनद लिया। इस दौरान जहां विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी वहीं मेहंदी एवं पतंग बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। सभी विजेता विद्यार्थियों को स्कूल प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया गया।



झज्जर। कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## महिला अधिवक्ताओं ने भी मनाया पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭बहादुरगढ़

महिला वकीलों ने शुक्रवार को बार एसोसिएशन सभागार में तीज का त्यौहार धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का आयोजन बार एसोसिएशन के प्रधान रविन छिल्लर व महासचिव कपिल भारद्वाज ने किया। लॉयर्स चेंबर बिल्डिंग में हुए कार्यक्रम में महिला अधिवक्ताओं ने मेहंदी लगाने समेत अन्य गतिविधियों में हिस्सा लिया।

अधिवक्ता चिराग कौशिक, राकेश चंद्र, इंदु राठी व रंजीत राठी आदि ने महिला अधिवक्ताओं को तीज के पर्व की बधाई दी। प्रधान रविन छिल्लर ने कहा कि बार महिलाओं की भूमिका को अग्रसर करने में हमेशा आगे रही है। कार्यक्रम में अधिवक्ता सीमा छिकारा, अनीता यादव, सोमवति कादियान, तरुणा वर्मा व लक्षिता बत्रा आदि मौजूद रही।



बहादुरगढ़। तीज उत्सव में भाग लेती महिला अधिवक्ता व बार पदाधिकारी।



बहादुरगढ़। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते डीएवी के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### डीएवी में मनाई हरियाली तीज

**बहादुरगढ़।** शहर के डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में हरियाली तीज के अवसर पर अनेक सांस्कृतिक और शैक्षणिक प्रतियोगिताएं हुईं। डीएवी बेरी के प्राचार्य गुरमेज चंद भी इसमें सम्मिलित हुए। सरस्वती वंदना के साथ पौधरोपण भी हुआ। रंगोली, मेहंदी, पतंग बनाने, लोकनृत्य, गीत-भजन, चित्रकला आदि स्पर्धाएं आयोजित की गईं। नन्हें मुन्ने विद्यार्थियों ने पारंपरिक परिधानों में लोकनृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य राजदीप कुलश्रेष्ठ ने तीज के त्योहार का महत्व बताया।



बहादुरगढ़। तीज के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### लडरावण में विद्यार्थियों ने मनाई तीज

**बहादुरगढ़।** गांव लडरावण में स्थित श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में तीज का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल में विद्यार्थियों ने झूले का आनंद लिया ताकि वह अपने संस्कृति से जुड़े रहें। सभी विद्यार्थी घेवर, चूरमा, मट्ठी, शकरपारे बनवाकर लेकर आए और एक दूसरे के साथ मिल बांटकर खाया। स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर ने कहा कि तीज हमारा पारंपरिक त्योहार है।



झज्जर। कार्यक्रम में शिक्षकों के साथ उपस्थित विद्यार्थी।

### छात्राओं ने अध्यापिकाओं के हाथों पर रचाई आकर्षक मेहंदी

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ में हरियाली तीज के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल में मेंहदी और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गईं स्कूल की प्राचार्य डॉक्टर लाली कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तीज की महत्ता बताई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने तीज से संबंधित गीतों पर नृत्य किया। छात्राओं द्वारा अध्यापिकाओं के हाथों पर आकर्षक मेहंदी रचाई। इनफॉर्मेशन ऑफिसर रविंद्र कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तीज जैसे त्यौहार हमारी संस्कृति को दर्शाते हैं। इस अवसर पर प्राध्यापिका डॉक्टर राजबाला, पूनम, मोनिका, सुमन, अंजना, संतोष, वनिता, अन्नू, जगवंती, संगीता, प्राध्यापक पवन, राकेश, मंदीप, संदीप डीपीई सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** संस्कारम विश्वविद्यालय में तीज महोत्सव उत्साह व सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। तीज नारी शक्ति के गौरव और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है। यह पर्व परस्पर प्रेम, पारिवारिक सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश देता है। ऐसे आयोजन हमारी युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति की गहराइयों से जोड़ते हैं। पौराणिक मत के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि सबसे पहले मां पार्वती ने इस व्रत को किया था। जिसके फलस्वरूप भगवान शिव उन्हें पति के रूप में प्राप्त हुए थे। यह वर्ष का प्रथम त्यौहार होता है। जहां छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता भी कराई गई वहीं छात्रों के बीच पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विजेता प्रतियोगियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



झज्जर। कार्यक्रम में शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ उपस्थित चांसलर डॉ. महिपाल। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित प्रतियोगिता के प्रतिभागी विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### तीज पर्व को लेकर हुई मेहंदी और पतंग बनाओ प्रतियोगिता

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में शुक्रवार को हरियाली तीज पर्व के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आठवीं कक्षा की छात्रा हिमांशी, खुशी और छाया की रंगारंग नृत्य प्रस्तुति से हुई। छात्र पूर्व और लक्ष्मी ने हरियाणा में तीज पर्व के महत्व पर आकर्षक भाषण दिया। प्री-नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कराई गई। इसके अलावा जहां तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने घर से लाए विभिन्न स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजन आपस में साझा किए वहीं छठी से ग्यारहवीं कक्षा तक की छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता और छात्रों के बीच पतंग प्रतियोगिता भी कराई गई। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार, उपप्राचार्या संगीता जून, कोर्डिनेटर प्रियंका शर्मा, एक्टिविटी इंचार्ज तुशिका, कक्षा स्तर एचओडी अनीता, सोनू, सोनिया, पिंकी, रितु जून, ज्योति यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### हरियाणवीं गीत व समूह नृत्य की प्रस्तुति से छात्राओं ने बांधा समां

**झज्जर।** एमआर स्कूल हसनपुर में हरियाली तीज एवं कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय निदेशक सोमबीर कोडान ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को कारगिल विजय दिवस का इतिहास बताते हुए कैप्टन विक्रम बत्रा जैसे वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और नेतृत्व का उल्लेख किया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने हरियाली तीज व कारगिल विजय दिवस से संबंधित हरियाणवीं गीत, समूह नृत्य, कविता और भाषण की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा शिक्षिका बिंदु व रितु दहिया द्वारा तैयार की गई जबकि मंच संचालन विद्यार्थी प्रतीक अग्रवाल व मुस्कान द्वारा किया गया। प्राचार्या नेहा शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को तीज पर्व के महत्व से अवगत कराया तथा कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र सदैव इन वीर सपूतों के बलिदान का ऋणी रहेगा। इस मौके पर विद्यालय निदेशिका संगीता कोडान, उपनिदेशक सुभाषचंद्र यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देती हुई नन्हीं छात्राएं।



झज्जर। तीज पर्व पर बनाए पोस्टर दिखाते हुए विद्यार्थी।

### तीज पर्व को लेकर विद्यार्थियों ने बनाए आकर्षक पोस्टर

**झज्जर।** जय मॉडर्न सीनियर सैकेंडरी स्कूल दुल्हेड़ा में हरियाली तीज पर्व के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर तैयार किए। प्राचार्य रोहित शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों ने पारंपरिक हरियाणवीं वेशभूषा में झूला झूलते हुए तीज पर्व का आनंद लिया। निदेशक शुगन शर्मा ने विद्यार्थियों को तीज पर्व के महत्व से अवगत कराया।




झज्जर। वाद-विवाद प्रतियोगिता में भागीदारी करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### वाद-विवाद स्पर्धा में रेस्पेक्ट सदन के विद्यार्थी प्रथम

**झज्जर।** संस्कारम स्कूल खातीवास में शुक्रवार को अंतर सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक विद्यार्थियों को भाषण कला के माध्यम से स्पष्टता, अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास प्रदर्शित करने का मंच मिला। विद्यार्थियों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से सामाजिक मुद्दों, तकनीकी विकास और नैतिक मूल्यों जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। प्रतियोगियों ने विषयों के पक्ष और विपक्ष में अपने सशक्त और तार्किक विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता परिणामों में रेस्पेक्ट सदन से तनिष्का और रक्षित ने अपनी प्रभावी प्रस्तुति से विजेता का खिताब अपने नाम किया। इनके अलावा ओनेस्ट सदन से प्रियांशी व कनिका ने द्वितीय और करेज सदन से तमन्ना व तनिशा तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों की तर्कशक्ति, आत्मविश्वास व सार्वजनिक अभिव्यक्ति को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा। तीज उत्सव में प्री-प्राइमरी व प्राइमरी कक्षाओं के लिए पतंग बनाओ व हरियाणवीं ड्रेस कंपीटिशन तथा मिडल व हाई कक्षाओं की छात्राओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया।

## संयुक्त निरीक्षण के दौरान छोटूराम नगर में पंचायती भूमि पर पड़ा मिला पीवीसी कबाड़

# एचएसपीसीबी ने पंचायत विभाग को थमाया शो कॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭बहादुरगढ़

शहर के छोटूराम नगर में अवैध रूप से पड़े पीवीसी कबाड़ को लेकर अब हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने खंड विकास एवं पंचायत विभाग को शो कॉज नोटिस जारी किया है। इससे पहले नगर परिषद को भी ऐसा नोटिस थमाया गया था। कचरा प्रबंधन के उल्लंघन का नोटिस देते हुए विभाग से निर्धारित समयावधि में कारण स्पष्ट करने को कहा गया है।

संयुक्त निरीक्षण कार्रवाई में एचएसपीसीबी के एईई अमित, नगर परिषद के पालिका अभियंता जोगेंद्र सिंधु, बीडीपीओ कार्यालय से पटवारी जोगेंद्र राठी, बिजली निगम से एएफएम भूपेंद्र और लाइनपार थाना से एएसआई अमित आदि शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर खतरनाक प्लास्टिक वेस्ट पड़ा मिला। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि पंचायती भूमि पर भी इस तरह का पीवीसी वेस्ट मिलने के कारण बीडीपीओ कार्यालय को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। इस प्लास्टिक वेस्ट में कई बार आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। यह प्लास्टिक कबाड़ पर्यावरण को बेहद नुकसान पहुंचाता है। उनके अनुसार वेस्ट प्लास्टिक को जलाने से भयंकर प्रदूषण होता है। इसका संज्ञान लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत बीडीपीओ कार्यालय को नोटिस जारी किया। उनके अनुसार नोटिस का जवाब आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि करीब 2 साल पहले भी एचएसपीसीबी की ओर से अवैध पीवीसी मार्केट को लेकर 38 जमीन मालिकों की पहचान कर उन्हें नोटिस दिए गए थे।



बहादुरगढ़। छोटूराम नगर में जगह-जगह पड़ा खतरनाक प्लास्टिक कबाड़। फोटो : हरिभूमि

SHRI BALAJI INSTITUTE OF PARA MEDICAL SCIENCE
सभी सरकारी सेवा में मान्य
- आंगनबाड़ी सुपरवाईजर / सहायक / कार्यकर्ता
- PHYSICIAN ASSISTANT
- MULTI PURPOSE HEALTH WORKER
- HEALTH SANITARY INSPECTOR
- AYURVEDIC PHARMACY (DAP)
- DENTAL HYGIENIST / MACHENIC
- C.M.S. & ED / FIRST AID
- MEDICAL LAB/ X-RAY TECH.
- OPRATION THEATORE TECH.
- OPTHALMIC ASSISTANT (DOA)
- COMMUNITY HEALTH/EMT
- FOOD SAFETY / VETERNARY INSPECTOR
- PLASTER, DRESSER, NTT, PT, CTT
- BAMS (ALT), BEMS (EH)

Dr. S.K. Saini (Director)
41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे, रोहतक-124001
9254233221